"एक ट्वीट और तीन माह से बंधक बीमार महिला मुक्त"

ट्विटर पर सूचना मिलते ही महिला को मिला नवजीवन

लकवाग्रस्त महिला का इलाज शुरू हुआ

छवि सुधारने की कवायद में जुटी जिले की पुलिस

तत्काल मिल रहा रेसपांस

ऐसे उठाएं ट्विटर सेवा का लाभ

लकवाग्रस्त पत्नी को तीन माह से किया था कमरे में बंद

एक ट्वीट ने दिलाई कंचन को आजादी

पुलिस का मानवीय चेहरा

दिनांक 7 सितम्बर 2016 को @prakashsony13 हैंडल से सूचना मिली कि " @bastipolice श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्राम-रसूलपुर नाम जगदेव सोनार अपनी पोलियोग्रस्त बीवी को प्रताड़ित कर रहा है और एक कमरे में बंद कर रखा है l" इस सूचना का त्वरित संज्ञान लेते हुए बस्ती पुलिस के सोशल मीडिया सेल द्वारा सूचनाकर्ता से संपर्क मोबाइल नंबर , पता व अन्य जानकारी ली गयी तथा पाया गया कि प्रकरण थाना-पुरानी बस्ती ग्राम-रसूलपुर का है l

इस सूचना पर SHO पुरानी बस्ती श्री आर0 के0 गौतम तत्काल उसके घर पहुच गए तो पाया कि चाय की दुकान चलाने वाला जगदेव अपनी दूसरी पत्नी कंचन (35 वर्ष) को अपने घर में तीन माह से कैद कर रखा है l कंचन ने विवाह के 10 माह बाद एक बच्चे को जन्म दिया व इसके कुछ ही माह बाद कंचन को लकवा मार गया l

SHO पुरानी बस्ती व उनकी टीम द्वारा कंचन की आर्थिक मदद कर समुचित इलाज कराया गया l